**ROLL NUMBER**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

# DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE
## HALF YEARLY- EXAMINATION (2023-24)

- Please check that this question paper contains 4 printed pages.
- Check that this question paper contains 16 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.

**CLASS: VI**
**SUBJECT: LOWER.HINDI**

**Time Allowed: 3 Hours** **Full Marks: 80**

सामान्य निर्देश:
- इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क , ख , ग और घ
- सभी खंड अनिवार्य हैं ।
- सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने का प्रयास करें ।
- सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार सही ढंग से उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।
- कृपया जाँचकर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं ।

**खंड - क (अपठित बोध )**

**Q1.निम्नलिखित गदयांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **(1x5=5)**

पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा करने से ऋतुओं में परिवर्तन होता है। प्रकृति सदैव अपने रंग-रूप में परिवर्तन करती रहती है और यही परिवर्तन प्रकृति का नियम है। यही कारण है कि भारतवर्ष में छ: ऋतुएँ होती हैं। सभी ऋतुओं का अपना-अपना महत्त्व है और सभी की अपनी-अपनी शोभा है परंतु वर्षा, शरत्, शिशिर, हेमंत, वसंत और ग्रीष्म में से वसंत ऋतु का विशेष महत्त्व है। ग्रीष्म अपने भयंकर ताप से पृथ्वी को तपाता है, तो वर्षा अपने ठंडे-ठंडे जल से धरती की प्यास बुझाती है। शरत् और हेमंत अपनी सर्द हवाओं से कंपन उत्पन्न करते हैं। शिशिर पेड़-पौधों के पत्तों को ही झटक लेता है। इसके विपरीत वसंत सर्वत्र सौंदर्य और उल्लास बिखेरकर मानव के मन को प्रसन्नता व उमंग से भर देता है। चैत्र और वैशाख के दो महीने वसंत ऋतु के होते हैं। वसंत ऋतु में न अधिक गर्मी होती है, न अधिक सर्दी । जलवायु भी बहुत सुहावनी होती है ।

(i) ऋतुओं में परिवर्तन कैसा होता है ?
(ii) किस ऋतु में पेड़ों के पत्ते झड़ते हैं ?
(iii) वसंत ऋतु के कौन-से दो महीने होते हैं ?
(iv) भारत में कितनी ऋतुएँ हैं ?उनके नाम लिखिए ।
(v) गदयांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

**(2).निम्नलिखित गदयांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **(1x5=5)**

झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई को घोड़सवारी के साथ - साथ घोड़ों की भी अच्छी परख थी ।एक बार घोड़ों का एक व्यापारी रानी के दरबार में आया । उसके पास एक जैसे दिखने वाले दो घोड़े थे । उसे विश्वास था कि रानी दोनों घोड़ों का एक दाम लगाएँगी। मगर रानी ने कुछ देर देखने के पश्चात एक घोड़े का दाम एक हज़ार रुपये और दूसरे घोड़े का दाम मात्र पचास रुपए लगाया । व्यापारी ने आश्चर्यचकित होकर रानी से पूछा, " रानी जी दोनों घोड़ों की शक्ल, रंग, कद - काठी में कोई फर्क नहीं है, फिर भी आपने दाम में इतना फर्क क्यों कर दिया ?" रानी ने कहा , " जिस घोड़े का दाम मैंने एक हज़ार रुपये लगाया है,वह उत्तम कोटि का स्वस्थ घोडा है और जिस घोड़े का दाम मैंने पचास रूपये लगाया है, वह किसी रोग का शिकार है और उसकी उम्र भी कम है ।" रानी की सूझ - बूझ और बुद्धिमानी को देखकर व्यापारी बहुत प्रभावित हुआ ।

(i) व्यापारी क्या लेकर दरबार में आया था ?

(ii) रानी ने दूसरे घोड़े का क्या दाम लगाया ?

(iii) पहले घोड़े में क्या खास बात थी ?

(iv) व्यापारी क्या देखकर प्रभावित हुआ ?

(v) गदयांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

## खंड - ख ( व्याकरण )

**(3) (क) निम्नलिखित शब्दों के उचित लिंग बदलकर लिखिए** **(1x3=3)**

i) ऊँट ii) लेखक iii) दादी

**(ख) निम्नलिखित शब्द के वचन बादल कर लिखिए** **(1x4=4)**

i) डाली ii) पंजा iii) कुत्ता iv) तकिया

**(4) (क) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर बिंदु अथवा चंद्रबिंदु चिह्न लगाइए।** **(1x2=2)**

i) घोसला ii) मुह

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के समान अर्थ लिखिए।** **(1x3=3)**

i) मेहनत ii) जंगल iii)हिम्मत

**(ग) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए ।** **(1x2=2)**

i) आग बबूला होना ii) नाक में दम करना

**(5) (क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।** **(1x4=4)**

i) धूप ii) नया iii) दुख iv) मधुर

**(ख) दिए गए संयुक्त व्यंजनों से एक -एक शब्द बनाइए ।** **(1x2=2)**

i) स्स ii) स्त

**खंड - ग ( पाठ्य पुस्तक )**

**(6) पाठ के आधार पर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।** **(1x2=2)**

(क) पिताजी ने दीपक के हाथ में एक छोटी -सी ---थमाई ।

(ख) सुंदर वन में एक - रहता था ।

**(7) पाठ के आधार पर वाक्यों का उचित मिलान कीजिए ।** **(1x3=3)**

| क | ख |
|---|---|
| i) एक पेड़ को बनने में- | दिविका रमेश |
| ii) घमंडी मक्खी - | कम-से-कम दस वर्ष लग जाते हैं |
| iii) अगर पेड़ भी चलते होते - | आव देखा न ताव |

**(8) पाठ के आधार पर लिखिए । ये वाक्य किसने, किससे कहे ?** **(1×2=2)**

(क) "शाबाश तुमने और तुम्हारे दोस्त ने तो कमाल कर दिया।"

(ख) "मेरे साथ खेलो न ! मुझे पकड़ों।"

**(9) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।** **(1x3=3)**

(क) मकड़ी किस में फँस गई ?

(ख) सोनाली ने हाथों में क्या पहन रखा था ?

(ग) चोर क्या लेकर पेड़ पर चढ़ गया ?

**(10) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए ।** **(2x5=10)**

(क) कौवे ने पानी को कहाँ -कहाँ ढूँढ़ा?

(ख) चिड़िया पत्ता क्यों नहीं उठा पा रही थी ?

(ग) मक्खी में घमंड क्यों आ गया ?

(घ) पहले वाला लड़का नाराज़ क्यों हो गया ?

(ड.) पुलिस ने दीपक की पीठ क्यों थपथपाई ?

**(11) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए ।** **(3x2=6)**

(क) पूरा गाँव किन तीन आवाज़ों से जगता था ?

(ख) चिड़िया को अपनी आँखें क्यों बंद करनी पड़ी ?

**(12) निम्नलिखित प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए । ( कोई एक )** **(4x1=4)**

(क) जब आपके दादा -दादी या नाना -नानी का स्वास्थ्य ठीक नहीं होता तो आप उनकी देख - भाल और मदद किस प्रकार करते हैं ? अपने विचार लिखिए ।

(ख) धरती को हरा -भरा रखने के लिए हमें अपने आस - पास पेड़ -पौधों क्यों लगाने चाहिए ? अपने विचार प्रकट कीजिए।

**खंड - घ (रचनात्मक लेखन)**

**Q13.निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय पर</u> 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए ।** **(5x1=5)**

(i) प्रिय त्योहार (ii)पेड़ - पौधे और हम (iii) राष्ट्रीय पक्षी मोर

**Q14. निम्नलिखित में से <u>कोई एक</u> पत्र लिखिए ।** **(5x1=5)**

क) पूर्ण गणवेश में ना आ पाने के लिए कक्षा अध्यापिका को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

पाँच दिन के अवकाश के लिए प्रधानाचार्या को आवेदन पत्र लिखिए ।

**Q15.** बारिश न होने पर दो मित्रों की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। (**5x1=5)**

**अथवा**

डॉक्टर और रोगी की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए ।

**Q16**. दिए गए चित्र को देखकर जो विचार आपके मन में आ रहे हैं, उन्हें 40 से 50 शब्दों में लिखिए । **(5x1=5)**




**अथवा**

दिए गए चित्र को देखकर जो विचार आपके मन में आ रहे हैं उन्हें 40 से 50 शब्दों में लिखिए ।

